# बाबा तेरे हाथो में लाज हमारी है | By Nemichand Sharma

पार करो या नहीं करो ये मर्ज़ी तुम्हारी है
बाबा तेरे हाथो में लाज हमारी है

जब भी कोई पड़े ज़रूरत तेरे दर पे आते
तेरे चरणों माँ ही बाबा अपना शीश झुकाते
मरते दम तक बोलेंगे हम शरण तुम्हारी है
बाबा तेरे हाथो में लाज हमारी है

बिना शरम के तेरे आगे हम झोली फैलाते हैं
दाना पानी हम तो बाबा तेरा दिया ही खाते हैं
सुख से जीवन बीते बाबा दया तुम्हारी है
बाबा तेरे हाथो में लाज हमारी है

तेरी शरण में आकर बाबा कभी नहीं मैं रोया
जबसे तेरा मिला सहारा नींद चैन की सोया
जितनी बची हैं सांसें योगी अब ये तुम्हारी है
बाबा तेरे हाथो में लाज हमारी है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be/